RNI No. : UPHIN/2017/74695

डाक पंजीकरण सं. :
एस.एस.पी./एल.डब्लू./एन.पी. - 558/2024-2026

# स्टूडियो न्यूज

वर्ष : 9 अंक : 09 | लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 10 रूपये




LK SAMYANG
BAJAJ FINSERV
EMI AVAILABLE
2 YEARS WARRANTY
Zoom Series
The Perfect Trinity
AF 24-60 F2.8 FE
Schneider KREUZNACH × LK SAMYANG
AF 14-24 F2.8 FE
Schneider KREUZNACH × LK SAMYANG
AF 35-150 F2-2.8 FE
www.lksamayang.com
INNOVATIVE TECH
DISTRIBUTION PVT LTD
Importer and Distributor for North India
308 A, 3rdFloor, NDM 1 Tower,
Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi - 110034
Web: www.intechdistribution.com , Email : intechdelhi@gmail.com
Follow SAMYANG - INDIA NORTH on
Information & Sales - 011-43082205, 9050806575, Service Centre- 9871272689

STUDIO NEWS
लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026

"कैमरे से ली गई फोटो वह कल्पना है जिसे आप वास्तविकता के साथ बनाना चाहते हैं" - स्कॉट लोरैंजो

CINEMA EOS SYSTEM

Canon
Delighting You Always

# EOS C50

# सिनेमैटिक संभावनाओं की दुनिया खोलें



Canon EOS C50 — एक नई पीढ़ी का कॉम्पैक्ट सिनेमा पॉवरहाउस, उन क्रिएटर्स के लिए बना जो हर फ्रेम से कुछ ज़्यादा चाहते हैं। इसका 7K फुल-फ्रेम ओपन गेट सेंसर वाइडस्क्रीन, वर्टिकल और एनामॉर्फिक — हर फॉर्मेट में सिनेमैटिक डिटेल देता है, जबकि एडवांस्ड ऑटोफोकस हर शॉट में बेहतरीन सटीकता सुनिश्चित करता है।

चाहे आप 7K 60p RAW में शूट कर रहे हों या 4K 120p स्लो मोशन में — EOS C50 हर काम के लिए बनाया गया है: फिल्मों से लेकर लाइव प्रोडक्शन तक, और यहां तक कि इमर्सिव VR की दुनिया में भी — यह कैमरा लाता है लचीलापन, भरोसेमंद प्रदर्शन और असीम रचनात्मकता।

FRONT | SIDE | TOP



Quiet, efficient cooling for long recording times | Open Gate | False Color | Designed for the future of VFX, VP and VR | 4K 120p | Dual Pixel CMOS AF II | 4× DIGITAL ZOOM | 7K/60p Internal Raw | 32MP Stills / Upto 40FPS



## 7K फुल-फ्रेम ओपन गेट सेंसर

अब शूट करें वाइडस्क्रीन, वर्टिकल या एनामॉर्फिक फॉर्मेट में 12-बिट RAW क्वालिटी के साथ। ओपन गेट, फुल फ्रेम, सुपर 35mm और सुपर 16mm मोड्स के बीच आसानी से स्विच करें। 7K या ओवरसैम्पल्ड 4K में बेहतरीन रंगों के साथ शूट करें, और साथ ही सोशल मीडिया के लिए तैयार फ्रेमिंग में क्रॉप रिकॉर्डिंग भी करें।



## सटीक ज़ूम कंट्रोल

बॉडी और हैंडल पर मौजूद ज़ूम रॉकर्स सपोर्टेड लेंस के साथ स्मूद ऑप्टिकल ज़ूम कंट्रोल देते हैं। साथ ही 4x डिजिटल ज़ूम से शूटिंग में और लचीलापन मिलता है।

## VFX, वर्चुअल और VR वर्कफ़्लो के लिए तैयार

EOS C50 रियल-टाइम लेंस मेटाडेटा सपोर्ट करता है — जो Unreal Engine और After Effects के साथ पूरी तरह संगत है। Canon के RF 5.2mm Dual Fisheye लेंस के साथ पेयर करें और 180° VR की दुनिया में डूब जाएँ।



## वीडियो और स्टिल्स के बीच में स्विच करें

वीडियो से फ़ोटो मोड में या फ़ोटो से वीडियो मोड में आसानी से स्विच करें, और सिनेमा EOS व EOS R मेनू तक तेज़ी से पहुँचें।





## एक्टिव कूलिंग सिस्टम

एडवांस्ड कूलिंग सिस्टम लंबे समय तक RAW या हाई-फ्रेम-रेट शूटिंग के दौरान कैमरे को ठंडा रखता है — बिना रुकावट के रिकॉर्डिंग के लिए।



## हाई फ्रेम रेट्स के साथ ज़्यादा कैप्चर करें

7K 60p तक 12-बिट Cinema RAW Light, 4K 120p और 2K 180p में शूट करें। साथ ही 10-बिट XF-AVC (MXF) और XF-HEVC (MP4) सपोर्ट के साथ बेहतरीन ओवरसैम्पल्ड 4K आउटपुट पाएँ। CFexpress Type B और UHS-II SD कार्ड स्लॉट्स आपको तेज़, लचीले वर्कफ़्लो के लिए प्रॉक्सी और मल्टी-फॉर्मेट रिकॉर्डिंग की सुविधा देते हैं।

## शार्प, तेज़ और भरोसेमंद

Dual Pixel CMOS AF II के साथ पूरे सेंसर पर अल्ट्रा-रिस्पॉन्सिव ऑटो-फोकस का अनुभव करें। फेस, आई और एनिमल ट्रैकिंग अब और सटीक। EOS iTR AF X, Detect Only, Focus Guide और कस्टम स्पीड सेटिंग्स आपको हमेशा परफेक्ट फोकस में रखती हैं।



*उत्पाद की विशेषताएँ और लाभ इसकी तकनीकी विनिर्देशों, उपयोगकर्ता पुस्तिका और संचालन विधि पर निर्भर करते हैं। अधिक जानकारी के लिए in.canon पर जाएँ।



## सम्पादक की कलम से ...

प्रिय फोटोग्राफर्स साथियो,

वैश्विक फोटोग्राफी इंडस्ट्री में जिस तेजी से बदलाव देखने को मिले, वह यह संकेत देते हैं कि आने वाला समय तकनीक, आर्ट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संगम का होगा। स्टूडियो न्यूज के पाठकों के लिए यह दौर केवल नए कैमरों और लेंसों का नहीं, बल्कि पूरी इमेजिंग इकोसिस्टम के पुनर्गठन का है।

सबसे पहले बात करें स्टोरेज और डेटा की। AI के बढ़ते उपयोग ने फ्लैश मेमोरी और SSD की कीमतों को प्रभावित किया है। फोटोग्राफर्स के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है, क्योंकि RAW और 4K/8K वीडियो फाइल्स के लिए, अधिक स्टोरेज की जरूरत होती है। ऐसे में NAS सिस्टम, प्राइवेट क्लाउड और उच्च क्षमता वाले SSD समाधान तेजी से प्रासंगिक हो रहे हैं। डेटा सुरक्षा, लोकल कंट्रोल और हाई-स्पीड एक्सेस अब प्रोफेशनल वर्कफ्लो का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं।

दूसरी ओर, लेंस टेक्नोलॉजी में हो रही प्रगति सीधे तौर पर प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स के काम को प्रभावित कर रही है। Sigma, Zeiss, Nikon, Tamron और Voigtländer जैसी कंपनियाँ ऐसे लेंस पेश कर रही हैं जो पहले की तुलना में हल्के, अधिक शार्प और बेहतर इमेज लुक देने वाले हैं। 35mm, 40mm, 85mm और 70-200mm जैसी क्लासिक फोकल लेंथ को नए ऑप्टिकल डिजाइन, एडवांस कोटिंग और तेज़ ऑटोफोकस सिस्टम के साथ अपग्रेड किया गया है। इसका सीधा लाभ उन प्रोफेशनल्स को मिल रहा है जो वेडिंग, फैशन, पोर्ट्रेट और कमर्शियल फोटोग्राफी में लगातार लंबे समय तक शूट करते हैं, क्योंकि हल्का और ऑप्टिकली बेहतर लेंस न केवल काम को आसान बनाता है बल्कि इमेज क्वालिटी और क्लाइंट सैटिस्फैक्शन दोनों को बेहतर करता है। निर्माता अब केवल अधिक रेजोल्यूशन पर नहीं, बल्कि नेचुरल कलर साइंस, स्मूद बोके और विशिष्ट इमेज लुक पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं, जिससे फोटोग्राफर्स अपनी तस्वीरों में अलग पहचान बना सकें।

मिररलेस कैमरों के लिए नए फर्मवेयर अपडेट और एडॉप्टर टेक्नोलॉजी भी चर्चा में रही। ऑडियो सेक्शन भी पीछे नहीं रहा। Rode, Panasonic और Godox जैसे ब्रांड्स ने वायरलेस और 32-बिट फ्लोट रिकॉर्डिंग वाले माइक्रोफोन लॉन्च किए। आज का फोटोग्राफर केवल स्टिल इमेज तक सीमित नहीं है; वह वीडियो, व्लॉग और मल्टीमीडिया कंटेंट भी बना रहा है। ऐसे में "ऑल-इन-वन" और क्रॉस-प्लेटफॉर्म ऑडियो समाधान की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। सॉफ्टवेयर अपडेट्स भी उतने ही महत्वपूर्ण रहे। Adobe Lightroom और Camera Raw में नए कैमरा-लेंस सपोर्ट, AI आधारित एडिटिंग टूल्स और बेहतर प्रोफाइल मैनेजमेंट ने पोस्ट-प्रोडक्शन को अधिक सटीक और तेज बनाया है। AI अब केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि वर्कफ्लो का हिस्सा बन चुका है, चाहे वह इमेज डिटेक्शन हो, डीपफेक नियंत्रण हो या फोटो ऑर्गनाइजेशन।

इन तकनीकी बदलावों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स अपनी आय कैसे बढ़ा रहे हैं। आज के स्थापित फोटोग्राफर केवल शूटिंग फीस पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि उन्होंने मल्टी-सोर्स इनकम मॉडल अपनाया है। वे सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी पर्सनल ब्रांडिंग मजबूत कर रहे हैं, वर्कशॉप और ऑनलाइन मेंटरशिप कार्यक्रम चला रहे हैं, Lightroom प्रिसेट और LUT जैसे डिजिटल प्रोडक्ट बेच रहे हैं तथा वीडियो और हाइब्रिड कंटेंट सेवाएं भी दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेट ब्रांड्स और टेक कंपनियों के साथ दीर्घकालिक सहयोग उन्हें स्थिर और अतिरिक्त आय प्रदान कर रहा है। इन सभी घटनाओं का सार यह है कि फोटोग्राफी अब केवल कैमरा खरीदने तक सीमित नहीं है। यह एक संपूर्ण इकोसिस्टम है - कैमरा, लेंस, स्टोरेज, सॉफ्टवेयर, ऑडियो और AI - जो मिलकर क्रिएटर को सशक्त बनाते हैं।

स्टूडियो न्यूज का मानना है कि आने वाला समय केवल तकनीकी दक्षता का नहीं, बल्कि व्यावसायिक समझ का भी है। जो फोटोग्राफर अपनी कला को ब्रांड, प्रोडक्ट और सेवा में बदलना सीख लेगा, वही आर्थिक रूप से सशक्त और रचनात्मक रूप से प्रासंगिक बना रहेगा। फोटोग्राफी अब केवल कला नहीं, बल्कि रणनीति और प्रबंधन से जुड़ा एक विकसित उद्योग है। यह दौर बदलाव का है और जो इस बदलाव को समझेगा, वही भविष्य की फोटोग्राफी में अपनी पहचान बनाएगा।

आप और आपका परिवार सुखी एवं स्वस्थ रहे, ऐसी ईश्वर से कामना है। फोटोग्राफी से सम्बंधित किसी भी समस्या एवं जानकारी हेतु आप हमें 11 से 7 बजे तक इन दूरभाष 0522-4108575 / 0522-3654971 पर संपर्क कर सकते है।

**सुरेंदर सिंह बिष्ट, सम्पादक**






# अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

### Orico MetaBox HS200 और Orico MetaBox HS500 : SSD बेस्ड प्राइवेट क्लाउड NAS लॉन्च



Orico ने फोटोग्राफर्स और वीडियोग्राफर्स के लिए MetaBox सीरीज़ का अपग्रेडेड NAS पेश किया है। इसमें M.2 NVMe SSD सपोर्ट, 126TB तक स्टोरेज क्षमता, क्वाड-कोर Intel प्रोसेसर और 32GB तक RAM एक्सपेंशन मिलता है। CyberData OS व ZFS सिस्टम डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। यह प्राइवेट क्लाउड समाधान RAW फोटो, 4K/8K वीडियो और मल्टी-यूजर वर्कफ्लो के लिए तेज़, सुरक्षित और बिना सब्सक्रिप्शन वाला स्टोरेज विकल्प देता है।

### Zeiss की नई Zeiss Aatma T1.5 सीरीज़ पेश



Zeiss ने नौ फुल-फ्रेम Aatma T1.5 सिने लेंस लॉन्च किए हैं, जिनकी फोकल लेंथ 18mm से 135mm तक है। ये लेंस विंटेज Contax लुक से प्रेरित हैं और सॉफ्ट स्किन टोन, लो-कॉन्ट्रास्ट, सोप-बबल बोकै व स्मूद फोकस फॉलऑफ देते हैं। T1.5 अपर्चर के साथ यह सीरीज़ मॉडर्न सिनेमा वर्कफ्लो के लिए डिजाइन की गई है। "Aatma" संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ आत्मा या आंतरिक सार है।

### Meta ने Facebook पर AI एनिमेटेड प्रोफाइल फोटो फीचर शुरू किया



Meta ने Facebook पर AI आधारित फीचर लॉन्च किया है, जिससे प्रोफाइल फोटो को एनिमेटेड वीडियो में बदला जा सकता है। यूज़र्स प्रीसेट एनिमेशन चुन सकते हैं। साथ ही 'Restyle' फीचर से स्टोरीज़ व मेमोरीज़ की फोटो को नया लुक दिया जा सकेगा। टेक्स्ट पोस्ट के लिए अब एनिमेटेड बैकग्राउंड भी उपलब्ध होंगे। यह कदम Facebook को फिर से क्रिएटिव और आकर्षक बनाने की दिशा में उठाया गया है।

### India ने डीपफेक हटाने के लिए सख्त नियम लागू किए

भारत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को डीपफेक और अवैध AI कंटेंट तीन घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया है। संशोधित IT नियम 20 फरवरी से लागू हुए हैं। प्लेटफॉर्म्स को AI जनरेटेड ऑडियो-वीडियो पर स्पष्ट लेबल लगाना और तकनीकी टूल्स से निगरानी करना अनिवार्य होगा। भ्रामक प्रतिरूपण और



गैर-सहमति वाली सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने पर कंपनियों को कानूनी सुरक्षा खोने का जोखिम रहेगा।

### HP का HP FilmScan 7" Touch Screen Film Scanner लॉन्च



HP ने नया 7-इंच टच स्क्रीन FilmScan स्कैनर पेश किया है, जो पुराने नेगेटिव्स और स्लाइड्स को हाई-रेजोल्यूशन डिजिटल फाइल में बदलता है। खास बात यह है कि स्कैनिंग के लिए कंप्यूटर की जरूरत नहीं होती। इसमें बिल्ट-इन एडिटिंग टूल्स और HDMI आउटपुट दिया गया है, जिससे यूजर्स सीधे टीवी पर फोटो देख सकते हैं। यह डिवाइस फिल्म आर्काइव को आसान और तेज़ तरीके से सुरक्षित करने का समाधान प्रदान करता है।

### Ricoh Imaging का फर्मवेयर अपडेट: Ricoh GR IV में इलेक्ट्रॉनिक शटर जोड़ा गया



Ricoh Imaging ने Ricoh GR IV और GR IV HDF के लिए नया फर्मवेयर जारी किया है। इस अपडेट के बाद स्टैंडर्ड GR IV में भी इलेक्ट्रॉनिक शटर फीचर मिल गया है, जो पहले GR IV HDF और GR IV Monochrome में उपलब्ध था। इलेक्ट्रॉनिक शटर से साइलेंट शूटिंग और तेज़ स्पीड पर बेहतर कंट्रोल मिलता है, जिससे स्ट्रीट और कैंडिड फोटोग्राफी में अधिक सुविधा होगी।

### Cosina का नया Voigtländer Septon 40mm f/2 Aspherical लॉन्च



Cosina ने फुल-फ्रेम Sony E और Nikon Z माउंट के लिए Voigtländer Septon 40mm f/2 Aspherical प्राइम लेंस पेश किया है। यह सुपर-कॉम्पैक्ट मैनुअल फोकस लेंस E-माउंट में 165 ग्राम और Z-माउंट में 205 ग्राम वजन के साथ आता है। 7 एलिमेंट ऑप्टिकल डिजाइन व 10-ब्लेड अपर्चर उच्च रेजोल्यूशन और कम क्रोमैटिक एबरेशन सुनिश्चित करते हैं। 40mm फोकल लेंथ स्ट्रीट, ट्रैवल और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के लिए उपयुक्त है।

### AI बूम का असर: फोटो स्टोरेज हुआ महंगा

AI टेक्नोलॉजी की बढ़ती मांग का



सीधा असर अब फोटोग्राफर्स की जेब पर दिखने लगा है। पोर्टेबल SSD की कीमतें पिछले कुछ वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। उदाहरण के तौर पर, SanDisk Extreme Portable 2TB USB 3.2 SSD जो कभी 100 डॉलर तक मिलती थी, अब लगभग 216 डॉलर तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों के अनुसार AI डेटा सेंटर्स की भारी स्टोरेज मांग ने बाजार में कीमतें बढ़ा दी हैं।

### Rode के Wireless GO III और Wireless PRO अब सीधे iPhone से कनेक्ट



Rode ने घोषणा की है कि Wireless GO (Gen 3) और Wireless PRO माइक्रोफोन अब "Direct Connect" फीचर के जरिए iPhone से सीधे Bluetooth पर जुड़ सकते हैं। अब अलग रिसीवर यूनिट की जरूरत नहीं होगी। यह अपडेट मोबाइल कंटेंट क्रिएटर्स, व्लॉगर्स और इंटरव्यू शूट करने वाले फोटोग्राफर्स के लिए सेटअप को आसान और हल्का बनाता है, जिससे ऑडियो रिकॉर्डिंग तेज़ और सुविधाजनक हो जाती है।

### Nikon-Essilor ने पेश की नई Nikon Z Series SINGLE VISION लेंस




Nikon-Essilor 17 फरवरी 2026 को Z Series SINGLE VISION सिंगल-फोकस आईग्लास लेंस लॉन्च किया। इन लेंसों में कैमरा लेंस डेवलपमेंट में उपयोग होने वाली MTF (कॉन्ट्रास्ट विश्लेषण) तकनीक लागू की गई है, जिससे दृश्य स्पष्टता और बेहतर कॉन्ट्रास्ट मिलता है। "बाइनोकुलर विज़न" कॉन्सेप्ट पर आधारित यह डिजाइन दोनों आंखों से मिलने वाली जानकारी को संतुलित करता है। कंपनी के अनुसार, उच्च रेजोल्यूशन विज़न रोजमर्रा की जिंदगी में स्पष्ट अंतर लाएगा।

### Tamron का नया Tamron 35-100mm f/2.8 Di III VXD लॉन्च



Tamron ने Nikon Z और Sony E-माउंट के लिए 35-100mm f/2.8 Di III VXD लेंस पेश किया है। कंपनी के अनुसार यह लोकप्रिय 35-150mm f/2-2.8 का हल्का विकल्प है। इसका आकार और वजन लगभग 28-75mm f/2.8 Di III VXD

शेष पृष्ठ 12 पर ...


SIGMA
AIZU
JAPAN

# पहले महसूस करें, फिर शूट करें : शानदार फोटोग्राफी का असली मंत्र



हृदगंधा गिरीश मिस्त्री
एडवर्टाइजिंग एवं कमर्शियल फ़ोटोग्राफ़र,
डीन और निदेशक, शारी अकादमी, मुंबई
@shari_academy | @thewayhridsees

किसी तस्वीर के व्यूफ़ाइंडर में दिखाई देने से बहुत पहले वह एक एहसास के रूप में जन्म लेती है। एक शांत-सी जागरूकता, कि आपके सामने कुछ व्यवस्थित हो रहा है। देखने से पहले फ्रेम को महसूस करना, एक ऐसी क्षमता है जिसे हर फोटोग्राफर विकसित कर सकता है। बहुत से लोग मानते हैं कि यह केवल स्वाभाविक प्रवृत्ति (इंस्टिंक्ट) से आता है, लेकिन वास्तव में यह निरंतर अवलोकन, अनुभव और सुदृढ़ फोटोग्राफी शिक्षा के माध्यम से से विकसित होता है।

जब मैं किसी स्थान पर प्रवेश करती हूँ, तो तुरंत कैमरा नहीं उठाती। मैं रुकती हूँ। वातावरण को आत्मसात करती हूँ। देखती हूँ कि रोशनी सतहों पर कैसे ठहरती है, ज्यामिति किस तरह मौन को थामे रहती है, और व्यस्त माहौल के भीतर भी स्थिरता कैसे मौजूद रहती है। फोटोग्राफी शटर दबाने से नहीं, बल्कि उस क्षण में उपस्थित रहने से शुरू होती है।

## शूट करने से पहले देखना



एक साधारण ईंट की दीवार और उसमें बने छोटे से खिड़की के फ्रेम में यह दर्शन स्पष्ट दिखाई देता है। पहली नज़र में वह केवल एक संरचनात्मक विवरण लगता है, पर उस छोटे से खुले हिस्से में एक शांत दुनिया बसती है। आंशिक मानवीय उपस्थिति, कोमल रंग और लटके हुए पौधे अर्थ की कई परतें रचते हैं। तस्वीर केवल विषय के बारे में नहीं होती, बल्कि बंद और खुले के बीच संतुलन को महसूस करने के बारे में होती है। शिक्षा फोटोग्राफर को रूप (फॉर्म) और भाव (इमोशन) के इन संबंधों को पहचानना सिखाती है।

अक्सर विद्यार्थी कम्पोज़िशन को केवल तकनीकी मान लेते हैं। वे नियम, समरूपता और सटीक एलाइनमेंट खोजते हैं। ये उपकरण महत्वपूर्ण हैं, लेकिन शिक्षा केवल सूत्रों तक सीमित नहीं है। यह सिखाती है कि कब कोई फ्रेम पूर्ण महसूस होता है।

## दिशा भी एक एहसास है



आसमान के सामने एक ट्रैफिक सिग्नल की तस्वीर में, एक साधारण हरे तीर और कुछ लटकी हुई लाइनों से दिशा का संकेत मिलता है। फ्रेम न्यूनतम है, फिर भी उसमें एक साथ ठहराव और गति का भाव है। ऐसे निर्णय गणना से नहीं, बल्कि जागरूकता से आते हैं। स्थान और दिशा को पढ़ना फोटोग्राफी शिक्षा का हिस्सा है। यह सिखाता है कि साधारण दृश्य संकेत भी गहरा भावनात्मक प्रभाव रख सकते हैं।

## बंद और खुले के बीच की दहलीज़



एक पुराना लकड़ी का दरवाज़ा, जिसकी कुंडी पर कई ताले ढीले लटक रहे हों - यह दृश्य लंबे समय तक मेरे मन में रहा। दरवाज़ा वास्तव में बंद नहीं था, केवल बंद प्रतीत होता था। लटके हुए ताले एक मनोवैज्ञानिक अवरोध बना रहे थे, जबकि कुंडी संकेत दे रही थी कि इसे खोला जा सकता है। लकड़ी की बनावट में समय की परतें दर्ज थीं। खरोंच और फीका पड़ा रंग उस स्थान की कहानी कह रहे थे।

उस क्षण, फ्रेम प्रतिबंध से अधिक जिज्ञासा का प्रतीक बन गया। फोटोग्राफी शिक्षा विद्यार्थियों को साधारण दृश्यों में छिपे भावनात्मक विरोधाभासों को पहचानना सिखाती है। एक दरवाज़ा बंद दिख सकता है, लेकिन सजग दृष्टि उसमें छिपी संभावनाओं को उजागर कर देती है।

## रोशनी को पढ़ना सीखना



फ्रेम को महसूस करना अनुमान नहीं है, बल्कि सीख के माध्यम से विकसित हुई संवेदनशीलता है। किसी गलियारे में छनकर आती कोमल रोशनी जब फर्श पर पैटर्न बनाती है, तो अधिकांश लोग उसे अनदेखा कर देते हैं। लेकिन जब फोटोग्राफर धैर्यपूर्वक प्रकाश को देखना सीखते हैं, तो वे समझने लगते हैं कि समय किस प्रकार फ्रेम को आकार देता है।

संगठित शिक्षा इस संवेदनशीलता को विकसित करती है, जिससे फोटोग्राफर बदलते वातावरण में सहज प्रतिक्रिया दे पाते हैं। मैं अक्सर अपने विद्यार्थियों से कहती हूँ कि कैमरा शुरूआत नहीं है, शरीर और मन की उपस्थिति ही शुरूआत है। शिक्षा दृष्टि को परिष्कृत करना सिखाती है।

## शांत रोशनी और आंतरिक स्थिरता



परदों के पीछे जलता एक दीपक भी, यदि धैर्य से देखा जाए, तो एक प्रभावशाली फ्रेम बन सकता है। वह रोशनी ध्यान आकर्षित नहीं करती, बल्कि शांत प्रतीक्षा करती है। ऐसे क्षण याद दिलाते हैं कि फोटोग्राफी हमेशा भव्यता के बारे में नहीं होती; अक्सर यह सूक्ष्म उपस्थिति को पहचानने की कला है।

जब शिक्षा और अभ्यास के माध्यम से जागरूकता विकसित होती है, तो अधिक सोचने की आवश्यकता कम हो जाती है। हर एंगल पर संदेह करने के बजाय, फोटोग्राफर प्रकाश, स्थान और भावना के प्रति स्वाभाविक रूप से प्रतिक्रिया देने लगते हैं।

## संरचना के भीतर विकास



एक कठोर लकड़ी की संरचना के बीच उगता नाज़ुक पौधा इस दर्शन की एक और परत प्रस्तुत करता है। जैविक लय और ज्यामितीय अनुशासन का यह विरोधाभास दृढ़ता की कहानी कहता है। तकनीकी ज्ञान संतुलन और एक्सपोज़र बनाए रखता है, लेकिन भावनात्मक सजगता सादगी में अर्थ खोजने में मदद करती है।

यह दृष्टिकोण फोटोग्राफी को भावनात्मक कहानी कहने में बदल देता है। तस्वीरें सजाई हुई नहीं, बल्कि जी हुई प्रतीत होती हैं। दर्शक तकनीकी विवरणों का विश्लेषण भले न करें, पर वे फ्रेम के भीतर की नीयत से जुड़ जाते हैं। शिक्षा स्वाभाविक प्रवृत्ति और कौशल के बीच की दूरी को मिटाती है।

समय के साथ, फोटोग्राफर बिना अत्याधिक खोज के ही कम्पोज़िशन महसूस करने लगते हैं। वास्तुशिल्प के कोने, बनावट की खामोशी, बदलती रोशनी और हल्की-सी गति ही पर्याप्त हो जाती है। फ्रेम स्वयं उनके पास आता है, क्योंकि उन्होंने देखने से पहले सुनना सीख लिया है।

फ्रेम को महसूस करना कोई रहस्यवाद नहीं है। यह अवलोकन, धैर्य और निरंतर सीखने से विकसित होने वाली कला है। फोटोग्राफी शिक्षा वह आधार तैयार करती है, जिस पर अंतर्ज्ञान समय के साथ मजबूत होता है। जब ज्ञान और जागरूकता साथ आते हैं, तो फोटोग्राफी सहज, स्थिर और अत्यंत व्यक्तिगत बन जाती है।

और अक्सर, जो फ्रेम एक एहसास से शुरू होते हैं, वही तस्वीरें सबसे लंबे समय तक हमारे साथ रहती हैं।

STUDIO NEWS

लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026

एक बेहतर फोटोग्राफ इतिहास का दरवाजा तो खोलता ही है साथ ही भविष्य को देखने का मौका भी देता है - शैलीमैन



महान विभूतियाँ

# बिल ब्रांट
## (1904-1983)



बिल ब्रांट

बिल ब्रांट बीसवीं सदी के सबसे प्रशंसित ब्रिटिश फोटोग्राफरों में से एक माने जाते हैं, फिर भी वे उस दौर की सबसे रहस्यमयी हस्तियों में गिने जाते हैं। हैम्बर्ग में एक अंग्रेज़ पिता और जर्मन माता के यहाँ जन्मे ब्रांट की कल्पनाशीलता पर जर्मनी में बिताए उनके शुरूआती वर्षों का गहरा प्रभाव पड़ा, जिसने उनके भीतर एक वैश्विक दृष्टिकोण विकसित किया।

1931 में इंग्लैंड में बसने के बाद ब्रांट के विविध प्रशिक्षण का परिणाम उनकी पहली पुस्तक The English at Home (1936) के रूप में सामने आया, जिसमें देशी हवेलियों और लंदन की भव्य कोठियों के "ऊपरी-निचले" जीवन को फ्लैश लाइट में खींची गई प्रभावशाली तस्वीरों के माध्यम से साथ-साथ प्रस्तुत किया गया। उनकी अगली पुस्तक A Night in London (1938) में भी समाज के विभिन्न वर्गों को दिखाया गया, इस बार नए आविष्कृत फ्लेश बल्ब का नाटकीय उपयोग करते हुए। 1937 में उन्होंने इंग्लैंड के औद्योगिक उत्तर में प्रतिष्ठित कार्य किया; 1940 के ब्लिट्ज़ के दौरान उन्होंने सूचना मंत्रालय के लिए भूमिगत मेट्रो स्टेशनों को अस्थायी बम शरणस्थलों में बदलते हुए दस्तावेज़ित किया; और द्वितीय विश्व युद्ध के पूरे समय में उन्होंने प्रमुख पत्रिकाओं के लिए जीवंत रिपोर्ट्स प्रस्तुत किए, जिन्हें बाद में Camera in London (1948) में संकलित किया गया, जिसमें फोटोग्राफी पर उनके सबसे महत्वपूर्ण लेख भी शामिल हैं।







युद्ध के बाद ब्रांट ने Literary Britain (1951) में पोर्ट्रेचर और लैंडस्केप की ओर रूख किया, जिसमें अंग्रेज़ी ग्रामीण परिवेश को उसके लेखकों के उद्धरणों के साथ जोड़ा गया। 1945 में उन्होंने एक कोडक पुलिस-इश्यू वाइड-एंगल कैमरा हासिल किया - "चूहे, मछली या मक्खी की तरह देखने के लिए" - और इसी कैमरे तथा बाद में हैसेलब्लैड सुपरवाइड के साथ उन्होंने Perspectives of Nudes (1961) में नग्न रूप की फोटोग्राफी को एक नई दिशा दी। उन्होंने अपने जीवन के कार्य पर Shadow of Light (1966) में विचार किया और अपने करियर को MoMA, न्यूयॉर्क (1969) में आयोजित एक ऐतिहासिक रेट्रोस्पेक्टिव प्रदर्शनी के साथ मुकम्मल किया, जो बाद में हेवर्ड गैलरी और अन्य ब्रिटिश संस्थानों तक पहुँची और ललित कलाओं में फोटोग्राफी की भूमिका को नई पहचान दिलाने में सहायक बनी।

उनका कार्य, जो कई दशकों तक फैला हुआ है, मानव अनुभव को सीधे, ईमानदार और कलात्मक तरीके से प्रस्तुत करता है। इंग्लैंड के औद्योगिक क्षेत्रों और श्रमिक वर्ग के उनके शुरूआती चित्रों से लेकर बाद के परिदृश्यों और न्यूड फोटोग्राफी तक, ब्रांट की तस्वीरें एक अनोखा दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं, जो आज भी समकालीन फोटोग्राफरों को प्रेरित करता है।

1904 में जर्मनी में जन्मे ब्रांट 1930 के दशक की शुरूआत में इंग्लैंड चले गए और एक फोटो-जर्नलिस्ट के रूप में काम करना शुरू किया। उनके शुरूआती कार्यों का केंद्र श्रमिक वर्ग के जीवन को चित्रित करना था, और कोयला खदानों के मजदूरों तथा फैक्ट्री कर्मचारियों के उनके चित्र उस दौर के सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक दस्तावेज़ी चित्रों में माने जाते हैं।

उन्होंने एक बार कहा था: "मैं यह आवश्यक मानता हूँ कि फोटोग्राफर को अपनी प्रिंटिंग और एनलार्जिंग स्वयं करनी चाहिए। अंतिम प्रिंट का प्रभाव काफी हद



STUDIO NEWS
लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026

**कैमरा एक उपकरण है जो लोगों को सिखाता है कि कैमरे के बिना कैसे देखा जाए - डोरोथे लांगे**















तक इन प्रक्रियाओं पर निर्भर करता है। और केवल फोटोग्राफर ही जानता है कि वह किस तरह का प्रभाव चाहता है। अनुभव पर आधारित सहज ज्ञान से उसे यह समझ होना चाहिए कि कौन-से विषय कठोर या नरम, हल्के या गहरे ट्रीटमेंट से बेहतर उभरते हैं। लेकिन... प्रिंट के शेड्स या प्रिंटिंग पेपर के साथ कितना भी प्रयोग कर लिया जाए, कोई साधारण तस्वीर असाधारण नहीं बन सकती... फोटोग्राफर के काम का एक हिस्सा यह भी है कि वह अधिकांश लोगों की तुलना में अधिक तीव्रता से देख सके।"

ब्रांट की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक उनकी पुस्तक "The English at Home" (1936) थी। इस पुस्तक में श्रमिक वर्ग के परिवारों से लेकर संपन्न अभिजात वर्ग तक अंग्रेज़ लोगों के अपने घरों में जीवन के चित्रों का संग्रह था। यह एक क्रांतिकारी कार्य था, क्योंकि इसने उस पारंपरिक धारणा को चुनौती दी कि "अच्छी" तस्वीर क्या होती है। तकनीकी पूर्णता पर निर्भर रहने के बजाय, ब्रांट ने अपने विषयों और उनके परिवेश की वास्तविक भावना को पकड़ने पर ध्यान दिया।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रांट को ब्रिटिश सूचना मंत्रालय ने ब्लिट्ज़ के समय इंग्लैंड के जीवन का दस्तावेज़ तैयार करने का दायित्व दिया। जर्मन बमबारी से हुए विनाश की उनकी तस्वीरें युद्ध की सबसे प्रतीकात्मक छवियों में गिनी जाती हैं। इस अवधि में उनका कार्य अतियथार्थवादी कलाकारों से भी प्रभावित रहा, क्योंकि वे युद्ध के बीच जीने के विचलित कर देने वाले अनुभव को चित्रित करना चाहते थे।

बिल ब्रांट का निधन 20 दिसंबर 1983 को लंदन में हुआ।



**अनिल रिसाल सिंह**
MFIAP (France), ARPS (Great Britain), Hon.FIP (India), Hon.LCC (India), FFIP (India), AIIPC (India), Hon.FSoF (India), Hon.FPAC (India), Hon.TPAS (India), Hon.FSAP (India), Hon.FICS (USA), Hon.PSGSPC (Cyprus), Hon.FPSNJ (America), Hon. Master-TPAS (India), Hon. Master-SAP (India), Hon.FWPAI (India), Hon.FGGC (India), Hon.GA-PSGSPC (Cyprus)
**पूर्व अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ इण्डियन फोटोग्राफी**

# कौसानी में 12वीं हिमालयन लैंडस्केप एवं एस्ट्रो फोटोग्राफी वर्कशॉप संपन्न

उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कौसानी स्थित द बुरांश रिजॉर्ट में 21 फरवरी से आयोजित 12वीं हिमालयन लैंडस्केप एवं एस्ट्रो फोटोग्राफी वर्कशॉप का 24 फरवरी को सफल समापन हुआ। लेंस मेस्ट्रो ग्रुप एवं द बुरांश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस चार दिवसीय कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्राकृतिक सौंदर्य और हिमालयी दृश्यों के लिए विख्यात कौसानी एक बार फिर फोटोग्राफी गतिविधियों का केंद्र बना रहा।

वर्कशॉप में पांच अनुभवी मेंटर्स - **गुरदास दुआ** (इंदौर), **थ्रीश कपूर** (कौसानी), **अनिल रिसाल सिंह** (लखनऊ), जयपुर के सोनी ब्रांड एंबेसडर व एस्ट्रोफोटोग्राफर **उमेश गोगना** तथा अल्मोड़ा के लैंडस्केप फोटोग्राफर **चेतन कपूर** ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया। मेंटर्स ने लैंडस्केप, नेचर और एस्ट्रोफोटोग्राफी की आधुनिक तकनीकों, कैमरा सेटिंग्स, कंपोजिशन और रचनात्मक दृष्टिकोण पर विस्तार से जानकारी दी। 21 फरवरी को सायं में वर्कशॉप का उद्घाटन गणेश वंदना के साथ किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया और सभी को कुमाँउनी टोपी भेंट स्वरूप दी गई। उसके बाद चेतन कपूर के द्वारा तपोवन क्षेत्र के यात्रा वृतान्त की लैंडस्केप स्लाइड्स दिखाई गई।

22 फरवरी को प्रतिभागियों ने गरूड़ वैली का भ्रमण किया, जहां कोट ब्रह्मी और बैजनाथ की प्राकृतिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया गया। पहली संध्या सत्र में अनिल रिसाल सिंह ने "द मेकिंग ऑफ लैंडस्केप" विषय पर व्याख्यान देते हुए फोटोग्राफी के इतिहास और तकनीकी पक्ष पर प्रकाश डाला। वहीं, उमेश गोगना ने "हाउ टू क्लिक एस्ट्रो फोटोग्राफी" पर तकनीकी प्रस्तुति दी तथा रात्रिकालीन सत्र में मिल्की वे की फोटोग्राफी का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया।

वर्कशॉप के दूसरे दिन प्रतिभागियों को बिजुरिया गांव ले जाया गया, जहां ग्रामीण जीवन, खेतों और प्राकृतिक दृश्यों की फोटोग्राफी की गई। शाम के सत्र में अनिल रिसाल सिंह ने "फॉर्म एंड कलर्स" विषय पर रंगों के प्रभावी उपयोग की बारीकियां समझाईं। इसके बाद गुरदास दुआ ने फूड एवं स्टिल लाइफ फोटोग्राफी पर लाइव डेमो देकर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

अंतिम दिन चयनित प्रतिभागियों ने अपने कार्यों का प्रदर्शन किया। थ्रीश कपूर ने हिमालयन लैंडस्केप पर विशेष व्याख्यान दिया, जबकि चेतन कपूर के निर्देशन में उत्तराखंडी वेशभूषा में सुसज्जित मॉडलों प्रियंका शर्मा और खुशी के साथ डे-लाइट पोर्ट्रेट फोटोग्राफी सत्र आयोजित किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन का संकल्प लिया गया।

यह वर्कशॉप फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए ज्ञान, अनुभव और नेटवर्किंग का एक सशक्त मंच साबित हुई, जिसने क्षेत्रीय पर्यटन को भी नई गति प्रदान की।

**- चेतन कपूर**











Mentors of Buransh Landscape Photography Workshop
Umesh Gogna, Chetan Kapoor, Gurdas Dua, Anil Risal Singh and Threesh Kapoor







*Photo by* **Chetan Kapoor**







STUDIO NEWS
लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026

अगर आप फोटोग्राफ के जरिये सड़क की महक को महसूस कर सकते हैं तो यह स्ट्रीट फोटोग्राफी है। - ब्रूस गिल्डेन

# फोकस मोड्स और एरिया : शार्प फोटोग्राफी का असली राज



अभिनीत मोहन सेठ
चाइल्ड फोटोग्राफर

नमस्ते दोस्तों! उम्मीद है आप सभी स्वस्थ और प्रसन्न होंगे। रंगों का त्योहार होली करीब है; मेरी कामना है कि आप इस उत्सव को सुरक्षित और खुशियों के साथ मनाएं।

आज के अंक में हम फोटोग्राफी के एक ऐसे तकनीकी विषय पर चर्चा करेंगे जो आपकी तस्वीरों को 'धुंधली' (Blur) होने से बचाकर 'क्रिस्प' (Sharp) बना सकता है। वह विषय है - फोकस मोड्स (Focus Modes) और फोकस एरिया (Focus Areas)।

**1. आखिर 'फोकस' क्या है?**

सरल शब्दों में, फोकस का मतलब है कैमरे के लेंस द्वारा किसी खास सब्जेक्ट को बिल्कुल साफ (Sharp) और स्पष्ट बनाना। जब आप शटर बटन को आधा (Half-press) दबाते हैं, तो कैमरा सब्जेक्ट की दूरी मापकर उस पर शार्पनेस लॉक करता है। अगर फोकस सही है तो आपकी तस्वीर क्रिस्प और क्लियर होगी, अगर फोकस ठीक नहीं है तो फोटो सॉफ्ट या धुंधली (ब्लर) लगेगी।

उदाहरण :

- पोर्ट्रेट फोटो में आँखें शार्प होनी चाहिए।
- वाइल्डलाइफ फोटो में एनिमल शार्प होना चाहिए, बैकग्राउंड ब्लर्र हो सकता है।

**2. फोकस मोड्स (Focus Modes): कैमरा 'कैसे' फोकस करेगा?**

फोकस मोड्स यह तय करते हैं कि कैमरा आपके सब्जेक्ट की मूवमेंट (गति) के हिसाब से कैसे व्यवहार करेगा। आधुनिक DSLR और मिररलेस कैमरों में मुख्य रूप से तीन ऑटो फोकस मोड्स होते हैं:

- **Single Autofocus (AF-S/One Shot):**

इस मोड में कैमरा जब एक बार फोकस लॉक करता है, और फिर वो फोकस उसी पर रहता है जब तक आप दोबारा शटर को हाफ प्रेस करके कहीं और फोकस को शिफ्ट नहीं करते। ये फोकस मोड नॉन मूविंग सब्जेक्ट्स के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्यूंकि, इसमें फोकस सिंगल पॉइंट होने की वजह से शिफ्ट नहीं होता।

इस मोड का सबसे ज्यादा उपयोग **पोर्ट्रेट, लैंडस्केप, प्रोडक्ट** और **आर्किटेक्चर फोटोग्राफी** में किया जाता है।

- **Continuous Autofocus (AF-C/AI Servo):**

इस ऑटोफोकस मोड में कैमरा लगातार अपने सब्जेक्ट को ट्रैक करता है और फोकस को एडजस्ट करता रहता हैं। इस मोड में आपका कैमरा, शटर के हाफ प्रेस होने पर सब्जेक्ट पर फोकस को ट्रैक करता रहेगा। फिर जैसे ही आप शटर को पूरा पुश करेंगे इमेज कैप्चर कर देगा।

इस मोड का सबसे ज्यादा इस्तेमाल **स्पोर्ट्स, वाइल्डलाइफ, भागते हुए बच्चे** और **स्ट्रीट फोटोग्राफी** में किया जाता हैं

- **Automatic Autofocus (AF-A / AI Focus):**

बिगिनर्स के लिए यह मोड बहुत ही बढ़िया माना जाता हैं। इसमें कैमरा खुद डिसाइड करता है कि सब्जेक्ट मूविंग हैं या स्टिल। इस मोड में अगर आपका सब्जेक्ट स्टिल है तो कैमरा अपने आप ऑटो फोकस सिंगल मोड एक्टिवेट कर देगा और अगर आपका सब्जेक्ट मूविंग हैं तो कैमरा ऑटोफोकस कंटीन्यूअस अपडेट कर देगा।

**3. फोकस एरिया (Focus Area): कैमरा 'कहाँ' फोकस करेगा?**

मोड्स के बाद अगली ज़रूरी चीज़ है 'एरिया'। यह कैमरे को बताता है कि उसे पूरे फ्रेम के किस हिस्से पर ध्यान केंद्रित करना है।

**(1) Single Point Focus Area**

इस फोकस एरिया मोड में कैमरा सिर्फ एक सिंगल पॉइंट पर फोकस करता है। पूरे फ्रेम में वो सिर्फ उसी पॉइंट पर फोकस करेगा जहाँ उसका वो सिंगल पॉइंट होगा। मैं पर्सनली इस फोकस पॉइंट को यूज़ करता हूँ क्यूंकि इससे मुझे सटीक फोकस पॉइंट एरिया को कण्ट्रोल करने का मौका मिलता है।

UNDERSTANDING CAMERA AUTOFOCUS AREA MODES

| AF AREA MODES | HOW IT WORKS | WHEN TO USE IT |
|---|---|---|
| SINGLE POINT AREA MODE (SINGLE POINT AF / MANUAL AF POINT) | You can select a single focus point<br>Gives more control and precision<br>The more focus points your camera has, the more precisely you can focus on your subject | Best AF Area for static subjects:<br>Landscape<br>Still Portraits<br>Macro<br>Architecture |
| DYNAMIC AREA MODE (DYNAMIC AF AREA / AF POINT EXPANSION) | Once you select your focus point, if your subject moves, the camera uses the selected point as well as the surrounding points to keep the subject sharp.<br>Modern cameras allow to select different areas in groups of 9, 21, 51 points, etc, depending on your subject and movement. | Best AF Area for moving subjects:<br>Wildlife<br>Sports |
| AUTO AREA MODE (AUTO AF AREA / AUTOMATIC AF POINT SELECTION) | This mode is completely automatic<br>The camera decides which focus points to use for a given scene<br>It can focus on the wrong subject/area. Not recommended when you need more control over your focus point. | Best AF Area for:<br>Scenes where you want to quickly focus on something easy and close to the camera |
| EYE AUTOFOCUS (EYE-AF) | The camera automatically detects the subject's eye<br>Modern cameras can track the eyes of different subjects even if they're in motion | Best AF Area for:<br>Portraits of people/wildlife |

Each camera manufacturer uses different nomenclature for the same Autofocus Area Modes. Check your camera manual to find your camera Autofocus Area names.

यह सबसे ज्यादा उपयुक्त पोर्टेट, प्रोडक्ट और सटीक फोससिंग के लिए है।

**(2) Dynamic Area Focus :**

इस एरिया फोकस में कैमरा फोकस एरिया को जरूरत के हिसाब से चुनता करता हैं। आप एक सिंगल पॉइंट चूज़ करते हैं फिर कैमरा अपने हिसाब से बाकि एरिया को भी चूज़ करता है। अगर जरूरत हो तो वो फोकस एरिया शिफ्ट कर लेता है। सिंगल सब्जेक्ट या मल्टीप्ल सब्जेक्ट्स के केस में आप इस मोड़ को यूज़ करते हैं। यह स्पोर्टस और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के लिए उपयुक्त है।

**(3) Zone Focus Area :**

कैमरा एक ग्रुप के अंदर सब्जेक्ट को डिटेक्ट करता हैं। इस मोड का इस्तेमाल ग्रुप फोटोज में किया जाता है।

इसका उपयोग तेजी से इधर-उधर या इवेंट फोटोग्राफी के लिए भी उपयुक्त है।

**(4) Wide/Auto Area Focus**

कैमरा आपके पूरे फ्रेम को एनालाइज करता हैं और खुद सब्जेक्ट चूज़ करता हैं। इसमें आपको खुद कुछ नहीं करना होता कैमरा खुद ही करता हैं जो करना होता हैं।

यह बिग्नर्स या क्विक स्नैपशॉटस के लिए उपयुक्त है।

**(5) Face Detection & Eye Autofocus**

यह आजकल के मॉडर्न मिररलेस कैमरे का एक पावरफुल फीचर हैं। इसमें कैमरा पोट्रेट के फेस को डिटेक्ट करके उसकी आँखों पर फोकस करता है।

यह प्रोर्ट्रेट फोटोग्राफी, वेडिंग फोटोग्राफी और कॉन्टेंट क्रियेशन के लिए उपयुक्त है।

UNDERSTANDING CAMERA AUTOFOCUS MODES (AF)

| AF MODES | HOW IT WORKS | WHEN TO USE IT |
|---|---|---|
| AUTOFOCUS SINGLE (AF-S / ONE-SHOT AF) | It is the most basic AF option<br>Your camera will lock the focus on the subject that you want to photograph<br>If your subject moves, you'll have to focus again. | Best AF mode for static subjects:<br>Landscape<br>Still Portraits<br>Architecture |
| AUTOFOCUS CONTINOUS (AF-C / AI SERVO) | It's a more advanced Autofocus Mode<br>Your camera will continue to track the subject even if it moves around the frame<br>The efficiency of this mode depends on many factors like the subject's movements, the light conditions, camera technology, etc. | Best AF mode for moving subjects:<br>Wildlife<br>Sports & Action |
| AUTOMATIC AUTOFOCUS (Hybrid Autofocus /AF-A / AI-FOCUS AF) | Combination between Single & Continuous AF modes.<br>Your camera will switch between both modes depending on the movement of the subject | Best AF mode for unpredictable/ erratic subjects:<br>Wildlife<br>Children<br>Street photography & Events |

Each camera manufacturer uses different nomenclature for the same Autofocus Modes. Check your camera manual to see your camera Autofocus names.



Eye Autofocus & Face Detetction




तो दोस्तों अंत में एक बार निष्कर्ष निकाले तो यह समझ आएगा कि फोटोग्राफी में एक बढ़िया इमेज लेना सिर्फ कमरे का ही कमाल नहीं होता उसके लिए एकदम सही फोकस मोड और सही फोकस एरिया सिलेक्शन का होना भी उतना ही इम्पोर्टेन्ट होता हैं।

आपको यह साधारण नियम याद रखना है -

- **Still subject** → AF-S + Single Point
- **Moving subject** → AF-C + Dynamic/Zone
- **Portrait** → Eye AF

तो दोस्तों इस अंक में इतना ही उम्मीद है आप लोगो को इस बार का आर्टिकल भी पसंद आया होगा, अगले अंक में हम इसी टॉपिक को और डिटेल में समझने की कोशिश करेंगे, अपना बहुत ख्याल रक्खें। बाए।

स्टूडियो न्यूज

फोटोग्राफर साथियो, आप अपने जिले में होने वाली फोटोग्राफी वर्कशॉप, संगोष्ठी या फोटोग्राफी से सम्बन्धित अन्य किसी कार्यक्रम का विवरण एवं फोटो "स्टूडियो न्यूज" में छपवाने के लिये, mailtostudionews@gmail.com पर मेल करें।

पृष्ठ 4 से आगे ...

# अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

जितना ही है, जिससे ट्रैवल, वेडिंग और इवेंट फोटोग्राफी में बेहतर पोर्टेबिलिटी मिलती है। f/2.8 अपर्चर के साथ यह लेंस बेहतरीन लो-लाइट परफॉर्मेंस और प्रोफेशनल क्वालिटी इमेज देने का दावा करता है।

### Cosina का Voigtländer Portrait Heliar 75mm f/1.8 अब RF और Z माउंट में



Voigtländer का Portrait Heliar 75mm f/1.8 लेंस अब Canon RF और Nikon Z मिररलेस कैमरों के लिए उपलब्ध है। यह कंपनी का पहला लेंस है जिसमें Spherical Aberration Control रिंग दी गई है, जिससे फोटोग्राफर सीधे बोकै और सॉफ्टनेस को नियंत्रित कर सकते हैं। मैनुअल फोकस और अपर्चर रिंग के साथ यह लेंस पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में क्रिएटिव लुक और अलग विजुअल कैरेक्टर देने का वादा करता है।

### Novachips ने बढ़ती कीमतों के बीच मेमोरी कार्ड सुलभ रखे



दुनियाभर में फ्लैश मेमोरी की कमी के कारण मेमोरी कार्ड की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में दक्षिण कोरियाई कंपनी Novachips प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स और वीडियोग्राफर्स के लिए किफायती, तेज़ और भरोसेमंद मेमोरी कार्ड उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। कंपनी का कहना है कि बेहतर सप्लाई चेन मैनेजमेंट और उन्नत फ्लैश टेक्नोलॉजी के जरिए वह कीमतों को नियंत्रित रखते हुए हाई-परफॉर्मेंस स्टोरेज समाधान दे रही है।

### Adobe Camera Raw और Adobe Lightroom में नए कैमरा-लेंस सपोर्ट



Adobe ने Camera Raw, Lightroom और Lightroom Classic में नए कैमरा व लेंस सपोर्ट जोड़े हैं। अब Canon के नए अल्ट्रा-वाइड RF लेंस के साथ बेहतर प्रोफाइल सपोर्ट मिलेगा। इसके अलावा OM System OM-3 Astro और Ricoh GR IV Monochrome भी सॉफ्टवेयर में सपोर्टेड हैं। इस अपडेट से फोटोग्राफर्स को बेहतर लेंस करेक्शन और RAW प्रोसेसिंग अनुभव मिलेगा।

### Sigma Corporation का नया Sigma 15mm f/1.4 DC Contemporary लॉन्च



Sigma ने APS-C मिररलेस कैमरों के लिए 15mm f/1.4 DC Contemporary लेंस पेश किया है। यह 2017 में आए लोकप्रिय 16mm f/1.4 DC DN Contemporary का उत्तराधिकारी है। नया लेंस आकार में छोटा, हल्का और अधिक शार्प बताया जा रहा है। f/1.4 अपर्चर के साथ यह लो-लाइट, एस्ट्रो और वाइड-एंगल फोटोग्राफी के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

### Sigma Corporation का नया Sigma 35mm f/1.4 DG II Art 20% हल्का



Sigma ने फुल-फ्रेम E और L-माउंट कैमरों के लिए 35mm f/1.4 DG II Art लेंस पेश किया है। यह अपने पूर्व मॉडल से लगभग 20% हल्का और 14% छोटा है। नए 15-एलिमेंट ऑप्टिकल डिजाइन, चार एस्फेरिकल और SLD ग्लास एलिमेंट्स के साथ यह बेहतर रेजोल्यूशन और कम एबर्रेशन का दावा करता है। Advanced Amorphous Coating से फ्लेयर और घोस्टिंग कम होगी, जबकि 11-ब्लेड अपर्चर स्मूथ बोकै प्रदान करेगा।

### Nikon का नया Nikkor Z 70-200mm f/2.8 VR S II लॉन्च



Nikon ने नया Nikkor Z 70-200mm f/2.8 VR S II टेलीफोटो ज़ूम लेंस पेश किया है। कंपनी के अनुसार यह अपनी श्रेणी में सबसे हल्का है और पहले मॉडल की तुलना में 26% कम वजन का है। नया लेंस बेहतर ऑप्टिकल परफॉर्मेंस, तेज़ ऑटोफोकस और उन्नत VR स्थिरता प्रदान करता है। स्पोर्ट्स, वेडिंग और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी के लिए यह प्रोफेशनल्स को तेज़, शार्प और अधिक संतुलित अनुभव देने का दावा करता है।

### Asus का ProArt CaliContrO MCA02 लॉन्च



Asus ने अपने प्रोफेशनल डिस्प्ले इकोसिस्टम का विस्तार करते हुए ProArt CaliContrO MCA02 पेश किया है। यह 3-इन-1 कलोरीमीटर सटीक कलर माप, हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर कैलिब्रेशन और डिस्प्ले कंट्रोल को एक कॉम्पैक्ट डिवाइस में जोड़ता है। फोटोग्राफर्स, वीडियो एडिटर्स और डिजाइनर्स के लिए तैयार यह टूल ProArt मॉनिटर्स के साथ बेहतर इंटीग्रेशन और अधिक सटीक कलर एक्यूरेसी सुनिश्चित करता है।

### Image Whisperer : AI फोटो की सच्चाई अब डेटाबेस से जांचेगा

AI इमेज डिटेक्टर अक्सर केवल अनुमानित स्कोर देते हैं, लेकिन नया टूल Image Whisperer अलग तरीका अपनाता है। यह तस्वीर को ग्लोबल डाटाबेस में पहले से डिबंक हुई इमेज से मिलाकर जांचता है। यानी यह केवल AI पैटर्न नहीं, बल्कि तथ्य-जांच आधारित मिलान करता है।



फोटोग्राफर्स और मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए यह फेक इमेज पहचानने में ज्यादा भरोसेमंद समाधान साबित हो सकता है।

### Zeiss का नया Zeiss Otus ML 35mm f/1.4 लॉन्च



Zeiss ने फुल-फ्रेम मिररलेस कैमरों के लिए नया Otus ML 35mm f/1.4 मैनुअल फोकस लेंस पेश किया है। यह Otus ML 50mm और 85mm के बाद सीरीज़ का तीसरा लेंस है। कंपनी के अनुसार यह लेंस उच्च रेजोल्यूशन के साथ "करेक्टर" से भरपूर इमेज देता है। प्रीमियम बिल्ड क्वालिटी और तेज़ f/1-4 अपर्चर के साथ यह पोर्ट्रेट, स्ट्रीट और लैंडस्केप फोटोग्राफी के लिए खास विकल्प माना जा रहा है।

### Sigma Corporation विकसित कर रही है Sigma 85mm f/1.2 DG Art



Sigma ने फुल-फ्रेम मिररलेस कैमरों के लिए 85mm f/1.2 DG Art लेंस के विकास की घोषणा की है। यह कंपनी का अब तक का सबसे लंबा f/1.2 प्राइम होगा और L-Mount व Sony E-Mount में आएगा। ड्यूल HLA ऑटोफोकस सिस्टम और अधिकतम अपर्चर पर भी उच्च रेजोल्यूशन का दावा किया गया है। यह लेंस सितंबर में लॉन्च होगा और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में शानदार डेप्थ ऑफ फील्ड देने का वादा करता है।

### 7Artisans का 7Artisans AF 40mm f/2.5 FE लॉन्च



7Artisans ने Lite Series के तहत नया AF 40mm f/2.5 FE फुल-फ्रेम प्राइम लेंस पेश किया है। केवल 90 ग्राम वजन वाला यह कॉम्पैक्ट लेंस स्ट्रीट और एवरीडे फोटोग्राफी के लिए डिजाइन किया गया है। STM मोटर के साथ फेस और आई-डिटेक्शन ऑटोफोकस सपोर्ट मिलता है। f/2.5 अपर्चर और 9-ब्लेड डायफ्राम सॉफ्ट बोकै देता है। यह फिलहाल Sony E-माउंट में उपलब्ध है।

### Panasonic का नया Panasonic Lumix DMW-DMS1 लॉन्च

Panasonic ने Lumix मिररलेस कैमरों के लिए DMW-DMS1 डिजिटल शॉटगन माइक्रोफोन पेश किया है। इसमें 32-बिट



फ्लोट रिकॉर्डिंग और छह डायरेक्शनल मोड मिलते हैं, जिनमें कार्डियोइड, स्टीरियो और सुपरकार्डियोइड शामिल हैं। माइक्रोफोन 120dB तक डिस्टॉर्शन-फ्री ऑडियो रिकॉर्ड कर सकता है। यह हॉट शू से सीधे पावर लेता है और बिना केबल के काम करता है। व्लॉगिंग, इंटरव्यू और लाइव इवेंट शूट के लिए यह ऑल-इन-वन समाधान माना जा रहा है।

### Atomos का Atomos Ninja RAW लॉन्च



Atomos ने नया 5-इंच HDR मॉनिटर-रिकॉर्डर Ninja RAW पेश किया है। 1500 निट्स ब्राइटनेस और 1920×1080 IPS डिस्प्ले के साथ यह स्टूडियो व आउटडोर शूट दोनों के लिए उपयुक्त है। डिवाइस HDMI के जरिए 6Kp30 तक ProRes RAW रिकॉर्डिंग सपोर्ट करता है। इसमें EL Zone, फॉल्स कलर, वेवफॉर्म जैसे प्रो मॉनिटरिंग टूल्स दिए गए हैं। यह CFexpress Type B या USB-C स्टोरेज पर रिकॉर्ड कर सकता है।

### Megadap का Megadap M2RF Adapter लॉन्च



Megadap ने दुनिया का पहला Leica M से Canon RF ऑटोफोकस एडॉप्टर पेश करने का दावा किया है। M2RF एडॉप्टर के जरिए अब मैनुअल फोकस Leica M-माउंट लेंस Canon RF मिररलेस कैमरों पर मोटराइज्ड ऑटोफोकस के साथ इस्तेमाल किए जा सकेंगे। यह एडॉप्टर क्लासिक रेंजफाइंडर ग्लास और आधुनिक मिररलेस टेक्नोलॉजी के बीच की दूरी को कम करने का प्रयास है, जिससे फोटोग्राफर्स को ज्यादा लचीलापन मिलेगा।

### Apple ने पेश किया iPhone 17e



Apple ने नया iPhone 17e लॉन्च किया है। यह एंट्री-लेवल मॉडल अब MagSafe सपोर्ट के साथ आता है और इसमें 48MP Fusion कैमरा दिया गया है, जो बेहतर पोर्ट्रेट फोटोग्राफी का दावा करता है। साथ ही, इसमें अधिक पावरफुल प्रोसेसर जोड़ा गया है। iPhone 17 सीरीज़ का यह किफायती मॉडल परफॉर्मेंस और कैमरा अपग्रेड के साथ यूज़र्स को बेहतर अनुभव देने पर केंद्रित है।

### Apple का नया iPad Air with M4 लॉन्च

Apple ने M4 चिप से लैस नया iPad Air पेश किया है। नया iPad Air अब 12GB RAM के साथ आता है, जो पहले से 50% अधिक है। M4 चिप से 30% तेज परफॉर्मेंस और बेहतर AI क्षमता मिलती है।



Wi-Fi 7 सपोर्ट, Liquid Retina डिस्प्ले और Final Cut Pro जैसे क्रिएटिव ऐप्स के लिए बेहतर मल्टीटास्किंग इसकी खासियत है।

### Godox ने पेश की Godox SK300III-V और Godox SK400III-V



Godox ने एंट्री-लेवल स्टूडियो के लिए नई SKIIIV सीरीज़ लॉन्च की है। इसमें 300Ws (SK300III-V) और 400Ws (SK400III-V) मोनोलाइट विकल्प उपलब्ध हैं। ये फ्लैश यूनिट्स स्थिर आउटपुट और आसान कंट्रोल के साथ किफायती दाम पर पेश की गई हैं। छोटे और मध्यम स्टूडियो के लिए डिजाइन की गई यह सीरीज़ पोर्ट्रेट, प्रोडक्ट और कमर्शियल शूट के लिए भरोसेमंद लाइटिंग समाधान प्रदान करती है।

### Arri और Honor की साझेदारी, स्मार्टफोन में आएगा सिनेमैटिक लुक



प्रसिद्ध सिनेमा कंपनी Arri ने स्मार्टफोन ब्रांड Honor के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत Arri की इमेज साइंस और सिनेमैटिक वीडियो टेक्नोलॉजी को Honor के आगामी "Robot Phone" सहित स्मार्टफोन्स में शामिल किया जाएगा। कंपनी के अनुसार यह कदम मोबाइल इमेजिंग में प्रोफेशनल कलर साइंस, नेचुरल टोन और बेहतर डायनामिक रेंज लाएगा। इससे कंटेंट क्रिएटर्स को मोबाइल से ही सिनेमैटिक क्वालिटी शूट करने का नया विकल्प मिलेगा।

### Godox ने पेश किया Godox Alink



Godox ने नया Alink वायरलेस माइक्रोफोन सिस्टम लॉन्च किया है, जिसे "One Mic, Fits All" टैगलाइन के साथ पेश किया गया है। यह कॉम्पैक्ट सिस्टम कैमरा, कंप्यूटर और स्मार्टफोन तीनों के साथ काम करता है। मल्टी-डिवाइस सपोर्ट के कारण यह व्लॉगर्स, इंटरव्यू क्रिएटर्स और ऑनलाइन कंटेंट प्रोड्यूसर्स के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। Godox का दावा है कि Alink आसान सेटअप और साफ ऑडियो रिकॉर्डिंग के साथ क्रॉस-प्लेटफॉर्म समाधान प्रदान करता है।

STUDIO NEWS
लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026

जिस प्रकार आप अपनी आस-पास की चीज़ों को जितना ज्यादा काबू में करते जाते हैं, दुनिया का रोमांच उतना ही काम होता जाता है, उसी प्रकार स्वच्छंदता के बिना फोटोग्राफी मृत है। - लैरी सुल्तान

# जयपुर में स्ट्रीट फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन

राजस्थान एडल्ट एजुकेशन एसोसिएशन, जयपुर और गुरूकुल ऑफ फोटोग्राफिक आर्ट, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 21 से 24 फरवरी 2026 तक **"स्ट्रीट फोटोग्राफीः द आर्ट ऑफ सेल्फ-एक्सप्लोरेशन"** विषय पर वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें कोलकाता, चंडीगढ़, लुधियाना, जयपुर और जोधपुर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रसिद्ध स्ट्रीट फोटोग्राफर **शिवजी जोशी** ने स्ट्रीट फोटोग्राफी की अवधारणा, उसके मूल तत्वों और रचनात्मक पक्ष पर विस्तार से चर्चा की। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल सत्र के माध्यम से भी मार्गदर्शन दिया गया। समापन सत्र में फोटो रिव्यू, अतिथियों के विचार और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।











# प्रकृति में 'गजानन' के अद्भुत रूपों की छायाचित्र प्रदर्शनी








लखनऊ, 15 फरवरी 2026। कला स्रोत आर्ट गैलरी में प्रतिभाशाली छायाकार पुनीत कात्यायन द्वारा "गजानन" शीर्षक से 38 छायाचित्रों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई। इन छवियों में वृक्षों की छाल और तनों में स्वतः निर्मित भगवान गणेश के प्राकृतिक स्वरूपों को सूक्ष्म दृष्टि से खोजकर प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्मश्री अनिल रस्तोगी, जय कृष्ण अग्रवाल, अनिल रिसाल सिंह, अमित टँगारी और रजनीश रावत द्वारा हुआ। विशेष बात यह रही कि पुनीत ने ये सभी तस्वीरें मात्र 2x3 इंच के छोटे फ्रेम में कैद की थीं, जिन्हें प्रदर्शनी में बड़े आकार में प्रदर्शित किया गया, जिससे उनकी तकनीकी कुशलता और रचनात्मक दृष्टि स्पष्ट दिखाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कला-प्रेमी, छायाकार और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अब पाएं
# 13×39
रॉयल साइज एल्बम

बिल्कुल पुराने
12×36 वाले रेट में!

लम्हें
THE PHOTOBOOK





HP Indigo 15K HD
7 कलर मशीन अल्ट्रा हाई डेफिनिशन
प्रिंट क्वालिटी





## KK JAIN COLOUR LAB, LUCKNOW
(MANAGED BY : KUSH OFFSET PRINTERS)
Address : 19, Ravindra Palli, Faizabad Road, Lucknow, U.P. - 226016 | Email : kkjaincolourlab@gmail.com | Website : www.kkjaincolourlab.com
+91 7607999306, 9956740444, 993637 5813

अच्छी तस्वीरों का संचयन करना दुनिया को अपनी बाँहों में समेट लेने जैसा रोमांच देता है। - सुसान सोतंग

International Exhibition **PHOTOGRAPHY VIDEOGRAPHY, DIGITAL IMAGING FRAME & ALBUM** Industry

Exhibition **PICTURE FRAME & GIFTING** Solutions - 5th Edition

Image TODAY ASIA

INDIA FRAME & GIFT EXPO
PICTURE FRAME GIFTING SOLUTIONS

Fri 10 | Sat 11 | Sun 12 APRIL 2026

Hall 12a, Pragati Maidan
**NEW DELHI**

SUPPORTED BY
PAUP
PHOTOGRAPHERS ASSOCIATION UTTAR PRADESH

MEDIA PARTNER
स्टूडियो न्यूज

ORGANISERS
BUY SELL interactions
CELEBRATING 25th YEAR








CONCURRENT SHOW

Exhibition for **SIGNAGE, LED LASER, 3D & DIGITAL PRINTING** Industry - 18th Edition
DPS EXPO
DIGITAL PRINT & SIGN

Exhibition on **LED WALLS** for **VIDEO, SIGNAGE & DISPLAY** Industry
LEDWALLEXPO
VIDEO•SIGN•DISPLAY

For Stall Booking Contact : BUYSELL INTERACTIONS PRIVATE LIMITED
70924 89181 / 63694 52532 / 70137 56679 / 93457 1334 info@buysellint.biz, www.buysellint.com




Corporate/Registered Office & Service Centre: Nikon India Pvt. Ltd., Plot No. 71, Sector 32, Institutional Area, Gurugram 122001, Haryana, (CIN-U74999HR2007FTC036820). Ph: 0124 4688500, Service Ph: 0124 4688514, Service ID: nindsupport@nikon.com, Sales and Support ID: nindsales@nikon.com, For more information, please visit our website: www.nikon.co.in

Nikonindia nikonindiaofficial Nikonindia Nikonindia nikon-india-private-limited

NIKON ZR PRODUCT PAGE


RNI No. : UPHIN/2017/74695, **स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक** - सुरेंदर सिंह बिष्ट, शॉप नं. 3, शान्ति मार्केट, लक्ष्मणपुरी गेट, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ - 226016 द्वारा ज्ञान प्रिंटर्स, 207, 208 लेखराज मार्केट-2, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016 से प्रकाशित।
**सम्पादक - सुरेंदर सिंह बिष्ट,** फोन - 9335915600, 0522-4108575, ई-मेलः mailtostudionews@gmail.com, वेबसाइट : www.studionews.co.in